# दैनिक नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 333 | देहरादून, सोमवार 02 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति




पेज-07

## न्यूज डायरी

### वात्सल्य योजना के तहत 3 करोड़ 23 लाख खातों में ट्रांसफर



**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ 23 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की। कैंप कार्यालय पर धनराशि लाभार्थियों की खातों में डीबीटी करने के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में प्रदेश सरकार 2020 से ही कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को प्रति माह ₹3000 की सहायता राशि देती है। इस योजना के तहत मार्च 2025 तक का धन पहले ही जारी कर दिया गया था।

### कद्दूखाल टिहरी में मां भगवती सुरकंडा देवी जागरण 4 जून को

**देहरादून।** नमस्कार देवभूमि सेवा संघ दिल्ली की ओर से 4 जून को कद्दूखाल टिहरी गढ़वाल में मां भगवती सुरकंडा देवी जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नमस्कार देवभूमि सेवा संघ के महासचिव परिपूर्णानंद गैरोला ने बताया कि संघ की ओर से हर वर्ष गंगा दशहरे के पावन पर्व पर सिद्ध शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी के श्रीचरणों में कद्दूखाल में हर वर्ष मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन 4 व 5 जून को किया जा रहा है। श्री गैरोला ने बताया कि 4 जून को सायं 7 बजे भंडारे का आयोजन होगा व रात्रि 8 बजे ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, उसके पश्चात रात्रि जागरण होगा। 5 जून को प्रातः 5 बजे प्रसाद वितरण होगा।

## हरिद्वार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया वात्सलय गंगा आश्रय का लोकार्पण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार पहुँचकर वात्सलय गंगा आश्रय का लोकार्पण किया तथा श्रीकृष्ण कथा में प्रतिभाग करते हुए साधु सन्तों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने माँ गंगा की आराधना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की भी प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतम्भरा द्वारा जो प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, उनके बारे में जितना कहा जाए उतना ही कम है। उनके के नेतृत्व में निराश्रित बेटियों को नव जीवन देने का जो दिव्य कार्य हो रहा है, वह समाज में आशा, करुणा और पुनर्निर्माण का सशक्त प्रतीक है। उनके संकल्प से अनेक बेटियों का जीवन सकारात्मक दिशा में परिवर्तित हुआ है। यह वास्तव में समाजसेवा की प्रेरणादायी मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से देवभूमि उत्तराखंड में अनेक प्रकार के विकास कार्य हो रहे हैं जिसमें समान नागरिक संहिता प्रमुख है, देवभूमि उत्तराखण्ड से जैसे मां गंगा निकलती है और यहां से निकलकर पूरे देश को जल और जीवन देने का काम करती हैं इस प्रकार समान नागरिक संहिता की यह गंगोत्री उत्तराखंड से निकली है और आगे आने वाले समय में पूरे देश को इसका लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में धार्मिक पुनरुत्थान का महा पर्व चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भव्य और दिव्य केदार का निर्माण हुआ है। हरिद्वार–ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा कोरिडोर का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि अभी चार धाम यात्रा चल रही है, चार धाम यात्रा का इस वर्ष अभी तक लगभग 18 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। बहुत अच्छी तरीके से यात्रा चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली –देहरादून एलीवेटेड रोड का निर्माण पूरा होने वाला है। यह काम पूरा होते ही यह दूरी लगभग दो से ढाई घंटे में पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए उत्तराखंड सरकार कृत संकल्पित है।





वात्सलय गंगा आश्रय का लोकार्पण करते सीएम धामी व अन्य।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## पर्यटकों के लिए खुले फूलों की घाटी के द्वार

**देहरादून/चमोली।** चमोली जनपद में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान को रविवार की सुबह पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। पहले दिन प्राकृतिक स्वर्ग का दीदार करने कुल 49 पर्यटक पहुंचे। हर साल जून से अक्टूबर तक खुलने वाली यह घाटी अपने रंग–बिरंगे फूलों और शांत वातावरण के कारण देश–विदेश के सैलानियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहती है। घाटी के मुख्य द्वार पर वन विभाग की टीम ने पर्यटकों का पारंपरिक तरीके से गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विभाग ने पर्यटकों को घाटी की जैव विविधता, नियमों और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी भी दी। विभाग की मानें तो अब तक जून महीने में कुल 62 सैलानियों ने पंजीकरण करवा लिया है, जो आने वाले दिनों में संख्या बढ़ने का संकेत है।




## दुनिया के सबसे ऊंचे ट्रेक में शामिल बाली पास दर्रे को 4 सदस्यीय दल ने सफलतापूर्वक किया पार

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दुनिया के सबसे ऊंचे और कठिन ट्रेक में शामिल बाली पास दर्रे को 4 सदस्यीय दल ने सफलतापूर्वक पार कर लिया है। दल ने मात्र चार दिनों में यह अभियान पूर्ण किया। शिक्षक नवीन जोंटी सजवाण ने बताया कि उनका दल उत्तरकाशी के गंगाड़ गांव से देवसू बुग्याल, रुइनसारा, उड्यारी और यमुनोत्री धाम होकर सकुशल जानकी चट्टी पहुंच गया है।

अभियान दल में शामिल रुद्रप्रयाग बसुकेदार के नवीन जोंटी सजवाण ने बीते 29 मई की सुबह बेस कैंप से मात्र 45 मिनट में बाली पास दर्रे को सफलता पूर्वक पार किया। दल के अन्य सदस्य मुकेश मंजुल शर्मा ने मात्र 55 मिनट में पास को पार किया। उच्च हिमालय क्षेत्र में कई दुर्गम ट्रेक कर चुके नवीन जोंटी सजवाण ने बताया कि जून 2023 में भी वे बाली पास अभियान के लिए गए थे. लेकिन लगातार खराब मौसम के कारण निराश होकर उनको रुइनसारा झील से वापस आना पड़ा था।

इस बार भी अभियान दल को बेस कैंप में लगातार तूफान और बर्फबारी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कठिन साहसिक यात्रा के साथ ही यह उनकी धार्मिक यात्रा भी रही। कठिन परिस्थितियों के बावजूद बाली पास दर्रे को पार करते हुए वह यमुनोत्री धाम होकर जानकी चट्टी पहुंचने में सफल रहे। नवीन जोंटी सजवाण ने बताया कि लगातार बर्फबारी के बावजूद लगभग आठ दिनों के इस अभियान को उनके दल ने मात्र चार दिनों में पूरा किया है।

इस दल में उच्च हिमालयी क्षेत्र में पर्वतारोहण व ट्रैकिंग के शौकीन रुद्रप्रयाग जनपद के बसुकेदार निवासी नवीन जोंटी सजवाण सहित ऋषिकेश के मुकेश मंजुल शर्मा, जयपुर के दिलीप नाजकानी और विजय ठाकुर शामिल हैं। उत्तरकाशी जिले में स्थित 16200 फीट पर मौजूद यह बाली पास ट्रेक हर की दून घाटी को यमुनोत्री धाम से जोड़ता है. लगभग 60 किमी लंबे इस ट्रेक में रोमांच से भरपूर खतरनाक ग्लेशियर और बाली पास दर्रे को पार करना बड़ा ही चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा माना जाता है. हिमालय की कंदराओं, खतरनाक चट्टानों और ग्लेशियर के ऊपर से गुजरने वाले इस ट्रेक पर साहसिक और रोमांच के शौकीन ट्रैकर काला नाग, बंदर पूंछ, स्वर्गारोहिणी की सुंदर बर्फीली चोटियों और सुंदर देवसू बुग्याल, थांगा बुग्याल, रुइनसारा झील के दीदार करते हुए यमुनोत्री धाम होते हुए जानकी चट्टी पहुंचते हैं।



शिक्षक नवीन जोंटी सजवाण।

02 June 2025_Copy of Layout 1 6/2/2025 7:19 PM Page 2



# संपादकीय

## क्या बिहार लौटेंगे चिराग पासवान?

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना की खबरों पर टिप्पणी की और स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता हमेशा बिहार और बिहारी रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी को जल्द ही राज्य की राजनीति में लौटने की अपनी इच्छा से अवगत कराया है। पासवान ने इस बात पर जोर दिया कि वह बिहार को एक विकसित राज्य के रूप में देखना चाहते हैं, जिसके बारे में उन्होंने कहा, "अगर मैं दिल्ली में हूं तो यह संभव नहीं है।" पत्रकारों से बात करते हुए पासवान ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि मैं खुद को लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति में नहीं देखता। राजनीति में आने का एकमात्र कारण बिहार और बिहारी हैं। मेरा हमेशा से विजन रहा है शबिहार पहले, बिहारी पहलेश और मैं हमेशा चाहता हूं कि बिहार समृद्ध हो और दूसरे विकसित राज्यों के बराबर हो। और तीसरी बार सांसद बनने के बाद मुझे एहसास हुआ कि दिल्ली में यह संभव नहीं होगा। मैंने पार्टी (लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)) के सामने अपनी इच्छा जाहिर की थी कि मैं जल्द ही बिहार लौटना चाहता हूं। चिराग पासवान ने कहा कि मेरी पार्टी अभी भी इस बात का मूल्यांकन कर रही है कि अगर मैं अभी विधानसभा चुनाव लड़ता हूं तो क्या मेरी पार्टी को फायदा होगा। अगर मेरा स्ट्राइक रेट बेहतर हुआ और मेरे गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर हुआ, जिसकी संभावना बहुत ज्यादा है, तो मैं जरूर चुनाव लड़ूंगा। बिहार में सीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। चुनाव के बाद नीतीश कुमार ही सीएम बनेंगे। बिहार में चुनावी माहौल के बीच लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के इस साल अक्टूबर–नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। पार्टी नेता और सांसद अरुण भारती ने अब सार्वजनिक रूप से इस कदम का समर्थन किया है और इसे जमीनी स्तर से सामूहिक मांग बताया है। अरुण भारती ने एक्स पर लिखा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान हमेशा कहते हैं कि उनकी राजनीति बिहार केंद्रित है और उनका विजन "बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट" एक विकसित और आत्मनिर्भर बिहार का संकल्प है। यह तभी संभव है जब वे खुद बिहार में रहकर नेतृत्व करें। अरुण भारती ने आगे लिखा कि जब मैं प्रदेश प्रभारी के रूप में गांव–गांव गया, हर जगह लोगों की एक ही मांग थी कि चिराग जी को अब बिहार में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए।

# गैंचवांण गांव में पहली बार पहुंचे कोई मंत्री, ग्रामीणों ने कृषि मंत्री जोशी का किया स्वागत

**उत्तरकाशी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखंड स्थित गैंचवांण गांव में शविकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया।



कृषि मंत्री का स्वागत करते ग्रामीण।

मोरी विकासखंड के गैंचवांण गांव में पहली बार है जब कोई मंत्री इस गांव में पहुँचे हैं। ग्रामीणों ने कृषि मंत्री जोशी का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री जोशी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया, जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य और अन्य विभागों ने किसानों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मंत्री ने एप्पल मिशन योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसानों को चेक वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में सेब उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार इसे प्राथमिकता के आधार पर विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने जिस पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए, वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित थी।

उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि किसान सरकार की नीति निर्माण की केंद्रबिंदु में हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान की शुरुआत उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गुनियाल गांव से की गई थी। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए पूरे देश में दो हजार वैज्ञानिक दलों का गठन किया गया है, जो अगले 15 दिनों तक किसानों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यह अभियान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पंतनगर विश्वविद्यालय, भरसार विश्वविद्यालय और विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा जैसे प्रतिष्ठित कृषि संस्थान स्थित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर प्रत्येक जनपद में तीन टीमों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन तीन कार्यक्रम आयोजित करेंगी।

# वैश्विक मंचपर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ा है, क्योंकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है

**दुनिया की अर्थव्यवस्था जब धीमी गति से चल रही है तो भारत सेवा, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर व मेडिसिन क्षेत्र में विशेष भूमिका निभा रहा है**



**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर कोरोना कहर के बाद हम दुनियाँ के करीब–करीब हर देश की अर्थव्यवस्था में स्थिरता नहीं देख पा रहे हैं, अमेरिका में बैंक ऋण वाले मामले से लेकर इंग्लैंड व श्रीलंका से लेकर पाकिस्तान तक में किसी न किसी रूप में हम अर्थव्यवस्था लेवल पर क्राइसेस देखे हैं ऊपर से वैश्विक आर्थिक मंदी की बात भी मीडिया के अनेक प्लेटफॉर्म्स पर चली थी, परंतु एक बात पूरी दुनियाँ ने रेखांकित की है कि, भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर ही नहीं बल्कि आगे बढ़ती गई और ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना था।

आज हम इस विषय पर इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि फिर एक बार भारत ने आर्थिक स्तरपर बड़ी लम्बी छलांग लगाई है, जापान को पछाड़ते हुए दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यानें 4 ट्रिलियन डॉलर से बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, यह बात अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) 2025 में कही गई है,जो अभी हाल ही में जारी की गई है यानें भारत अपने पीएम के स्वप्न 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था अभी बस एक कदम पीछे है, मुझे पूरी उम्मीद है करीब एक–दो वर्षों में ही हम यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे, फिर हम 10 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य और विजन 2047 के लिए तेजी से कार्य करेंगे, जिसका लक्ष्य 25 मई 2025 को एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रीयों व उप मुख्यमंत्रीयों की बैठक में माननीय पीएम महोदय ने मार्गदर्शन दिए हैं।इसके पूर्व 24 मई 2025 को नीति आयोग की 10वीं गवेर्निंग काउंसिल की बैठक में भी यह मंत्र दे चुके हैं। क्योंकि दुनियाँ की अर्थव्यवस्था जब धीमी गति से चल रही है, तो भारत सेवा, मैन्युफैक्चरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व मेडिकल क्षेत्रों में विशेष भूमिका निभा रहा है तथा वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ाते हैं।चूँकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत की बढ़ी आर्थिक छलांग, ब्रटेन को पछाड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, भारत अभी 4 ट्रिलियन बना अगला लक्ष्य 5 ट्रिलियन फिर 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी दूर नहीं।

साथियों बात अगर हम भारत के चौथी अर्थव्यवस्था पर छलांग लगाने के को अहम् उपलब्धि माननेकी करें तो,यह आर्थिक छलांग भारत के लिए इतनी अहम क्यों है? इसका पहला कारण है वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति, जैसे ही भारत ने जापान को पीछे छोड़ा और चौथे नंबर पर आया, निवेशकों की नजरें और विश्वास दोनों बढ़े हैं, दूसरी बात, भारत की युवा आबादी, बढ़ता मध्यम वर्ग और टेक्नोलॉजी हब बनता इको–सिस्टम यह दिखाता है कि यह ग्रोथ सिर्फ तात्कालिक नहीं, बल्कि टिकाऊ है। इसका असर हर नागरिक पर भी पड़ता है,चाहे वह नौकरी के नए अवसर हों, निवेश के रास्ते हों या जीवन स्तर में सुधार, हालांकि चुनौतियां भी हैं, जैसे कि प्रति व्यक्ति आय अब भी कम है, और आयात पर निर्भरता बनी हुई है, लेकिन फिर भी, यह उपलब्धि बताती है कि भारत अब उस मोड़ पर पहुंच चुका है जहां से उसका अगला लक्ष्य,5 ट्रिलियन,फिर 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी, दूर नहीं रह गया, एक 4 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी होना दर्शाता है कि देश में उपभोग बढ़ा है, निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है,चाहे वह तकनीक हो, सेवा क्षेत्र, मैन्युफैक्चरिंग या इंफ्रास्ट्रक्चर हो हर सेक्टर अपनी भूमिका निभा रहा है, खास बात यह भी है कि यह ग्रोथ ऐसे समय पर हुई है जब दुनियाँ भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं धीमी गति से चल रही हैं, इसके विपरीत भारत तेज गति से विकास कर रहा है, इसका सीधा मतलब यह है कि देश में एक साल में जितना उत्पादन, सेवाएं और कारोबार होता है, उन सभी की कुल कीमत अब 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुकी है, यह आंकड़ा 'नॉमिनल जीडीपी' कहलाता है और यह किसी भी देश की आर्थिक ताकत का सबसे सीधा माप होता है. इसे डॉलर में मापा जाता है ताकि सभी देशों की तुलना की जा सकेज, लेकिन सिर्फ एक बड़ी संख्या होना इस खबर को खास नहीं बनाता, असल बात यह है कि यह आंकड़ा भारत की वैश्विक भूमिका, उसकी आर्थिक नीतियों और नागरिकों की सामूहिक मेहनत का नतीजा दिखाता है।

इसका मतलब है कि भारत अब सिर्फ 'उभरती हुई अर्थव्यवस्था' नहीं, बल्कि एक 'स्थापित वैश्विक आर्थिक शक्ति' बन चुका है, इतिहास पर नजर डालें तो आजादी के बाद भारत को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 60 साल लगे. फिर 2014 तक यह आंकड़ा 2 ट्रिलियन हुआ, 2021 में 3 ट्रिलियन और अब सिर्फ 4 साल में यह 4.3 ट्रिलियन तक पहुंच गया है।यानी भारत अब लगभग हर डेढ़ साल में एक ट्रिलियन डॉलर की बढ़त हासिल कर रहा है। साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र राज्य ने 2047 तक 5 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखने की करें तो, हर भारतवासी के लिए यह गर्व का पल है हमारा देश जापान को पछाड़कर अब दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के सीईओ ने गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक के बाद इस बात का ऐलान किया है, खास बात है कि इसी मीटिंग में देश के एक अहम राज्य ने महाराष्ट्र ने 2047 तक 5, हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है,दरअसल, यह संकल्प महाराष्ट्र सरकार ने लिया है, और इसके लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत की बड़ी आर्थिक छलांग– जापान को पछाड़कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना भारत, अभी 4 ट्रिलियन बना अगला लक्ष्य 5 ट्रिलियन फिर 10 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी दूर नहीं।दुनियाँ की अर्थव्यवस्था जब धीमी गति से चल रही है तो भारत सेवा, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर व मेडिसिन क्षेत्र में विशेष भूमिका निभा रहा है।वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ा है, क्योंकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# लोगों तक स्वच्छ, सस्ती, सुलभ और विश्वसनीय ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करें ऊर्जा विभाग : मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में जीएमएस रोड स्थित उत्तराखंड जल विद्युत निगम के सभागार में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में यूजेवीएनएल, पिटकुल और यूपीसीएल के तीनों कारपोरेशन के गतिमान कार्यों, उनकी वर्तमान स्थिति, उनकी प्रगति, भविष्य की रणनीतियों तथा लोगों को स्वच्छ, सुलभ और विश्वसनीय ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में व्यापक विचार–विमर्श किया गया। प्रोजेक्ट के तकनीकी, आर्थिकी और व्यवसायिक व्यवहारिकता का ध्यान रखा जाए। महत्वपूर्ण अप्रूवल प्राप्त होने के पश्चात ही निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करें।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रोजेक्ट को बनाते समय उसके तकनीकी, आर्थिकी और व्यावसायिक सभी पहलुओं को ध्यान में रखें। साथ ही प्रशासनिक, पर्यावरणीय, वित्तीय और तकनीकी सभी तरह की महत्वपूर्ण स्वीकृतियां प्राप्त होने के पश्चात ही निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करें। ताकि बाद में परियोजनाओं को पूरा करने में किसी भी अवरोध का सामना न करना पड़े। सभी प्रोजेक्ट को निर्धारित समयावधि में पूरा करें।



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

केंद्र और राज्य के संबंधित मंत्रालयों तथा विभागों और एजेंसियों से समन्वय स्थापित करते हुए बाधक बिंदुओं का समाधान तलाशें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट को पूरा करने की जो अवधि निर्धारित की जाती है उसी अवधि में प्रोजेक्ट पूरा करें। प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने के मार्ग में जो भी अवरोध सामने आते हैं चाहे केंद्र सरकार के किसी मंत्रालय से संबंधित हो अथवा राज्य सरकार के किसी विभाग अथवा एजेंसी से संबंधित उन संबंधित पक्षों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए उन मुद्दों का समाधान तलाशें जिससे प्रोजेक्ट समय से पूरे हो सकें।

मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि तीनों कॉरपोरेशन आगामी 5 वर्ष, 10 वर्ष, 15 वर्ष और 25– 30 वर्षों का विस्तृत एजेंडा आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। इस एजेंडा में भविष्य में ऊर्जा जरूरत को ध्यान में रखते हुए कारपोरेशन के क्या–क्या प्लान हैं, क्या टारगेट रहेंगे और उनको कैसे अचीव किया जा सकता है इनका विस्तृत विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को महत्वपूर्ण निर्देश, जिसमें तराइ वाले जनपदों के खंडवार विद्युत लॉस का विवरण उपलब्ध कराएं। स्मार्ट मीटर के प्रोजेक्ट के कार्यों में तेजी लाएं और उसको समय से पूरा करें। उद्योग और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्राथमिकता से विद्युत मीटर के कार्यों को पहले पूरा करें। भूमिगत लाइनों के प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन तथा संबंधित विभागों से नियमित समन्वय कर डे बाय डे प्रगति बढ़ाएं।

## अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरी कार, मासूम की मौत, छह लोग घायल

**कोटद्वार।** शनिवार को बीरोंखाल में एक कार उपर की सडक से अनियंत्रित होकर नीचे की सडक पर जा गिरी। इस वाहन में कुल आठ लोग सवार थे। जिसमें से एक बच्चे की मौत हो गयी। वहीं छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को पीएम के लिए भेजा है। घायलों का उपचार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली से रसिया महादेव के ग्राम नऊ में शादी समारोह में शामिल होने जयपुर से आ रही कार गांव पहुंचने से कुछ दूरी पर अनियंत्रित होकर ऊपर की सड़क से नीचे की सड़क पर जा गिरी। आवाज सुनकर रसिया महादेव बाजार के लोग दुर्घटना स्थल की ओर भागे व घायलों को कार से बाहर निकाला। लेकिन आठ वर्षीय बालक अभि पुत्र आशीष गुसांई की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों अशीष गुसांई, मीनाक्षी देवी, अंशिका, रूची देवी, रुही(12) पुत्री संदीप पटवाल को उनके परिजन इलाज के लिए रामनगर ले गए।

## वंदना कटारिया से मिले सीएम धामी, हरिद्वार हॉकी स्टेडियम विवाद पर लगा विराम

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पिछले दिनों पहले हरिद्वार स्थित वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम का नाम बदले की चर्चाओं के बीच विपक्ष ने इस मामले में जमकर अपना विरोध दर्ज कराया था। जिससे सरकार की लगातार किरकिरी हो रही थी। इसके बाद अब सीएम धामी ने खुद हॉकी की स्टार खिलाड़ी वंदना कटारिया से मुलाकात की। इस मुलाकात में सीएम धामी ने उन्हें आश्वासन दिया कि हरिद्वार हॉकी स्टेडियम का नाम उन्हीं के नाम पर रहेगा।

हरिद्वार में हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने कहा स्टेडियम का नाम बदलने की जानकारी उन्हें समाचारों के माध्यम से मिली थी। तब उन्हें बुरा लगा था। हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने कहा कि यह उनके नाम का सवाल नहीं एक खिलाड़ी के सम्मान की बात थी। उन्होंने कहा कि सीएम धामी से मुलाकात कर इसे लेकर हो रहे कंफ्यूजन को दूर कर दिया गया है।

उन्होंने कहा हरिद्वार के वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम का नाम नहीं बदला जा रहा है। इसके के साथ ही वंदना कटारिया ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि अब जबकि मुख्यमंत्री ने उनको आश्वासन दे दिया है तो वे कहना चाहती हैं कि जो लोग उनके साथ खड़े हुए, वे उन लोगो से अपील करती है कि वे धरना प्रदर्शन खत्म करें। वंदना कटारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह वादा किया है कि स्टेडियम का नाम नहीं बदलने जा रहा है।

## उत्तराखंड कैडर की आईपीएस अधिकारी रचिता जुयाल ने दिया इस्तीफा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में आईपीएस अधिकारी रचिता जुयाल ने निजी कारणों के चलते इस्तीफा दे दिया है। इस खबर से हर कोई हैरान है। जिस पर राज्य सरकार को निर्णय लेना है। हालांकि, आईपीएस अधिकारी के इस आवेदन पर अंतिम अनुमोदन केंद्र की तरफ से होना है। वैसे हाल ही में पुलिस विभाग के दरोगा को भी रचिता के एसपी विजिलेंस रहते ट्रैप किया गया था। जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ था। जिसके बाद उनके इस्तीफे को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

उत्तराखंड में 2015 बैच की आईपीएस अधिकारी रचिता जुयाल अपने इस्तीफा को लेकर चर्चाओं में हैं। खबर है कि रचिता जुयाल ने कुछ दिन पहले ही इस्तीफे से जुड़ा आवेदन मुख्य सचिव कार्यालय को भेजा था।



रचिता जुयाल।

इसके अलावा इसकी जानकारी पुलिस महानिदेशक को भी भेजी गई थी। हालांकि, आईपीएस रचिता जुयाल का यह फैसला किसी को समझ नहीं आ रहा है, लेकिन बताया गया है कि रचिता जुयाल ने इसके लिए पारिवारिक वजहों को कारण बताया है। विजिलेंस में रचिता बतौर एसपी काम कर रही थीं। उनके विजिलेंस में एसपी रहते लंबे समय बाद पहली बार किसी पुलिस विभाग के दरोगा को ट्रैक किया गया था। आईएसबीटी पुलिस स्टेशन इंचार्ज को ट्रैक करने के बाद पुलिस विभाग में भी हड़कंप की स्थिति दिख रही थी। उधर भ्रष्टाचार के खिलाफ इतनी बड़ी कार्यवाही के बाद ना केवल विजिलेंस की कार्रवाई पर लोगों का भरोसा बढ़ा था बल्कि सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति भी हाथों–हाथ ली जा रही थी। विजिलेंस में रचिता जुयाल के एसपी रहते कई कार्यवाही की गई और ऐसी स्थिति में अब अचानक रचिता का इस्तीफा देना कई सवाल खड़े कर रहा है। वैसे हाल ही में विजिलेंस विभाग में भी कुछ बदलाव किए गए थे। जिसमें एएसपी मिथिलेश कुमार का विजिलेंस से ट्रांसफर कर दिया गया था। इन दिनों विजिलेंस काफी तेजी से कम कर रही थी। लगातार कई सरकारी कर्मचारियों की धर पकड़ भी हो रही थी।

## काशीपुर परगना मजिस्ट्रेट ने हाईकोर्ट के आदेशों को उल्लेख करते हुए हटाया नगर निकाय व कमेटी द्वारा बनाया द्वार

**काशीपुर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सार्वजनिक मार्गों पर बने सभी द्वार अवैध तथा हटने योग्य हैं भले ही यह स्थानीय निकायों द्वारा ही बनाये गये हों। काशीपुर परगना मजिस्ट्रेट अभत प्रताप सिंह ने हाईकोर्ट के आदेशों का उल्लेख करते हुये कमेटी तथा नगर पालिका द्वारा बनाये गये द्वार को हटवा दिया।

**सार्वजनिक मार्गों पर बने सभी द्वार अवैध और हटाने योग्य**

हाईवे पर भी कोई भी निर्माण तथा यूनीपोल, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाना भी दण्डनीय अपराध है। यह कानूनी जानकारी 45 कानूनी पुस्तकों के लेखक तथा 34 वर्षों के अनुभवी अधिवक्ता तथा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने दी। नदीम ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या स्थानीय निकायों को अवरोध करने का अधिकार नहीं है। जबकि प्रदेश में विभिन्न नगर निगमो, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, जिला पंचायतों आदि द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों तथा अन्य मार्गों की भूमि को घेरकर जनता के पैसे का दुरूपयोग करके विभिन्न द्वार बनाये गये हैं जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर ऐसा करने पर कन्ट्रोल ऑफ नैशनल हाईवेज (लैण्ड एण्ड ट्रेफिक) एक्ट 2002 की धारा 24 व 38 के अन्तर्गत रोक है।

इसके अनुसार हाईवे प्रशासन की लिखित अनुमति के बगैर राजमार्ग भूमि पर कोई भी निर्माण, खम्बा, पोल, पिलर, विज्ञापन टॉवर सहित कोई भी अस्थाई या स्थाई निर्माण नहीं किया जा सकता है। हाईवे प्रशासन द्वारा भी यातायात में अवरोध या प्रभावित करने वाले किसी निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इस नियम का उल्लंधन करके ऐसा करना धारा 39 के अन्तर्गत एक.वर्ष तक की सजा से दण्डनीय अपराध है। यह द्वार जहां मार्ग में अवरोध करते हैं वहीं अन्य अतिक्रमण का भी साधन बनते हैं। इसके अतिरिक्त नगर निकायों द्वारा विभिन्न प्राइवेट कालौनियों में सरकारी या निकाय के धन से जो मार्ग बनाये गये हैं उन पर भी सरकारी/निकाय के धन से मार्ग बनने पर वह मार्ग सार्वजनिक होने के बावजूद भी उस पर प्राइवेट गेट लगे है और गेटों से उन्हें सामान्य जनता के लिये अवरूद्ध कर दिया गया है। नदीम ने जानकारी दी कि सुप्रीम कोर्ट के एम.सी. मेहता सहित विभिन्न मामलों में दिये गये निर्णयों के अनुसार हाईवे पर कोई भी मार्ग चिन्हों के ट्रैफिक बोर्डों के अतिरिक्त कोई भी यूनिपोल, होर्डिंग, बोर्ड, बैनर, पोस्टर नहीं लगाया जा सकता है।

ऐसा करना नैशनल हाईवेज (लैण्ड एण्ड टेफिक) एक्ट 2002 की धारा 38 का उल्लंघन तथा धारा 39 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध हैं। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड में लागू उत्तराखंड लोक सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 2003.की धारा 3 के अन्तर्गत किसी भी मार्ग व दीवार खम्बे आदि पर बैनर पोस्ट आदि लगवाना व लिखवाना.एक साल तक की सजा से दण्डनीय अपराध हैं।

02 June 2025_Copy of Layout 1 6/2/2025 7:19 PM Page 4



# एक महीने में केदारनाथ धाम यात्रा में लगभग 200 करोड़ का कारोबार

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। केदारनाथ धाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। एक ओर जहां बाबा केदारनाथ के दर्शन को देश विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा नए रिकॉर्ड कायम कर रहा है वहीं स्थानीय लोगों के रोजगार को भी बढ़ती हुई यात्रा से लगातार लाभ मिल रहा है।

दूसरी ओर शासन प्रशासन द्वारा यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं से सरकार को भी भारी राजस्व प्राप्त हो रहा है। बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है और इसी एक महीने में सरकारी सुविधाओं से लेकर स्थानीय व्यापारियों ने दो अरब से अधिक का कारोबार कर लिया है। वहीं जून का महीना शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा भी होने लगा है, जिसका स्थानीय व्यापारियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को पूरा लाभ मिलेगा। वर्ष 2025 की यात्रा के लिए 02 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल गए थे।


केदारनाथ धाम में तीर्थयात्री।

बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है। रविवार 01 जून को बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 07 लाख पार हो चुकी है। पिछले एक महीने का औसत निकला जाए तो प्रतिदिन 24 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शनों को केदारपुरी पहुंचे हैं।

केदारनाथ धाम यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक है। करीब 20 किलोमीटर का कठिन पैदल मार्ग पार करने के बाद हिमालय पर्वत की गोद में बसे 11 वें ज्योतिलिंग के दर्शन हो पाते हैं। इस कठिन पैदल धार्मिक यात्रा में घोड़ा–खच्चरों का बेहद अहम योगदान होता है। असमर्थ एवं बुजुर्ग भक्त अक्सर इन्हीं के माध्यम से यात्रा करते हैं वहीं खाद्य पदार्थ से लेकर अन्य अनिवार्य सामग्री इन्हीं घोड़े खच्चरों से यात्रा मार्ग एवं केदारपुरी में पहुंचाई जाती है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रावत ने बताया कि 31 मई तक 1,39,444 तीर्थलु घोड़े खच्चरों के माध्यम से दर्शनों को पहुंचे हैं जिसके माध्यम से 40 करोड़ 50 लाख से अधिक की आय प्राप्त हुई है। बताया कि इस वर्ष संक्रामक बीमारी इक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस के चलते कुछ दिन घोड़ा खच्चर संचालन प्रभावित भी रहा।

हेली सेवाओं की श्री केदारनाथ धाम यात्रा में अपनी एक अहम भूमिका है। हेली सेवाओं के माध्यम से किसी भी हालात में पैदल यात्रा करने में असमर्थ श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन का मौका मिलता है।

वहीं रेस्क्यू अभियान में हेली सेवाएं अहम किरदार निभा रही हैं। प्रत्येक दिन दो से तीन मेडिकल आपातकाल से जूझ रहे लोगों को हेली सेवाओं से ही समय पर हायर सेंटर रेस्क्यू किया जाता है। जिला पर्यटन अधिकारी एवं नोडल हेली सेवा राहुल चौबे ने बताया कि इस वर्ष आठ हेली कंपनियां नौ हेलीपैड से अपना संचालन कर रही हैं। 31 मई तक लगभग 33000 श्रद्धालु हेली सेवाओं के माध्यम से बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे हैं जिससे करीब 35 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है। चौबे ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि हेली बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से ही बुकिंग की जाए।

केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग पर जितने घोड़े– खच्चरों का संचालन महत्वपूर्ण है उतना ही डंडी– कंडी संचालन भी। पैदल चलने में असमर्थ कई भक्त डंडी कंडी की जगह डंडी–कंडी से यात्रा करना पसंद करते हैं। वहीं छोटे बच्चों के लिहाज से भी यह ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। इसके अलावा कई श्रद्धालु खुद पैदल यात्रा कर केवल समान डंडी– कंडी की मदद से केदारपुरी पहुंचा देते हैं। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रुद्रप्रयाग संजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष की यात्रा के लिए 7000 से अधिक डंडी– कंडी संचालक पंजीकृत हैं। 31 मई तक 29275 श्रद्धालु डंडी– कंडी के माध्यम से यात्रा कर चुके हैं, जिससे एक करोड़ 16 लाख, 89 हजार 100 रुपए की आय प्राप्त हुई है। वहीं गंदगी फैलने एवं अन्य नियमों के उल्लंघन पर विभिन्न प्रतिष्ठानों का 2,26,000 रुपए का चालन कर अर्थदंड भी वसूला गया है।

# अब राज्य स्तर पर पदक जीतने वालों को भी मिलेगा नौकरी में आरक्षणः रेखा आर्या

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। अब उत्तराखंड में आयोजित विभिन्न प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा।

इस बारे में सरकार द्वारा किए गए अध्यादेश संशोधन को अंतिम मंजूरी मिल गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि अभी तक ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम, एशियाई चैंपियनशिप, राष्ट्रीय खेलों जैसी नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को ही चार फ़ीसदी आरक्षण का लाभ मिल पाता था। सरकार ने इसके लिए अध्यादेश में संशोधन किया था जिसे विधानसभा से मंजूरी भी मिल गई थी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि नए नियमों का गजट नोटिफिकेशन शुक्रवार को कर दिया गया है। इसके मुताबिक अब उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता, विभिन्न राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय खेल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तर की प्रतियोगिता, युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व इसके साथ ही विद्यालयी शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरियों में 4: आरक्षण मिल सकेगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विभाग की इस मांग पर तेजी से निर्णय लेने के लिए वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आभारी है।

# प्रशासन की सख्ती से स्कूल प्रबधन ने जमा कराई 5,72,000 की पेनल्टी

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। प्रशासन की सख्ती के चलते द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल प्रबंधक ने पांच लाख 72 हजार रूपये की पेनल्टी जमा करायी।

आज यहां द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल, भनियावाला ने 5 लाख 72 हजार रूपये की पेनल्टी जमा कराई है तथा लिखित रूप में फीस कम करने का जिला प्रशासन को सहमति दी है। जिलाधिकारी सविन बंसल शिक्षा माफियाओं पर कड़ा रूख अपनाए हुए हैं, जिससे एक और जहां अभिभावकों में खुशी है वही शिक्षा माफिया में प्रशासन का डर पैदा हो गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में शिक्षा माफियाओं पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभिभावकों से फीस के नाम पर वसूली की शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के कई नामीकृगिरामी निजी स्कूलों पर कार्यवाही से जहां शिक्षा माफियाओं के हौसले पस्त हुए हैं वही बड़ेकृबड़े स्कूलों का फीस बढोतरी का खेल भी सामने आया है।


डीएम व सीडीओ।

फीस बढोतरी पर जिला प्रशासन की जीरो टालरेंस की नीति अपनाए हुए है। जिला प्रशासन के कड़े रूख और निरंतर प्रवर्तन की कार्यवाही जारी है, जिससे शहर कस्बों में अवस्थित निजी नामी गिरामी स्कूलों के तेवर ढीले हो गए हैं, वहीं स्कूल प्रबन्धन अब अपनी फीस घटा रहे। ताजा मामला द प्रेसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल भानियावाला का है, स्कूल प्रबन्धन द्वारा लिखित रूप से स्कूल फीस कम करने का पत्र प्रशासन को दिया है।

# जिले के मोबिलिटि-रि-डेवलपमेंट प्लान हो व्यवहारिक, भविष्य की जरूरत के दृष्टिगत करें तैयारः डीएम

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में शहरी पुनर्विकास, पार्क योजना के सम्बन्ध में बैठक ली। इस दौरान एमडीडीए, स्मार्ट सिटी लि0 द्वारा तैयार किए गए प्लान को प्रजेंनशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई।

बैठक में मौहब्बेवाला से राजपुर रोड एवं धूलकोट से कुंआवाला कॉरिडोर योजना के सम्बन्ध में समीक्षा की। 04 वर्ष पुराने प्रजेन्टेंशन पर डीएम की एमडीडीए के अधिकारियों को फटकार, लगाते हुए विभागों से समन्वय कर व्यवहारिक प्लान तैयार



करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि विभागों में आपसी गैप न रहे इसके लिए एमडीडीए को प्लान में यूपीसीएल, लोनिवि, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश दिए। मा0 मुख्यमंत्री के सुगम सुरक्षित यातायात के संकल्प, शहर सुगम यातायात के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध जिलाधिकारी प्रत्येक शनिवार अपने स्तर पर करेंगे समीक्षा। डीएम ने जिले के मोबिलिटि–रि–डेवलपमेंट प्लान हो व्यवहारिक; भविष्य की जरूरत के दृष्टिगत तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं 04 वर्ष पुराने प्रजेन्टेंशन पर डीएम की एमडीडीए के अधिकारियों को फटकार, विभागों से समन्वय कर व्यवहारिक प्लान तैयार करने के निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर का हर मेजर जंक्शन, क्रासिंग व ऑन स्ट्रीट, ऑफ स्ट्रीट, मल्टीलेवल आटोमेटेड या सिविल पार्किंग निरंतर बढाना है, इसके लिए प्रभावी प्लान तैयार करें। उन्होंने कहाकि धनराशि मुहैया करानी मेरी जिम्मेदारी विभाग प्राथमिकता से डीपीआर तैयार करें इसके लिए एसई लोनिवि को डीपीआर तैयार करते हुए समिति को अवगत कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्लान में यूपीसीएल, लोनिवि, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करने को निर्देशित किया। विभागों को हर हफ्ते की प्रगति गूगलसीट पर अद्यतन करने को भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय कर पर प्लान तैयार किया जाए, साथ ही एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसई एनएच, एसई लोनिवि, एसपी यातायात, आरटीओ, एसई यूपीसीएल को भी प्लान में शामिल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए तैयार की प्लान को वर्तमान की स्थिति तथा भविष्य की मांग के दृष्टिगत तैयार करें। उन्होंने निर्देशित किया प्रत्येक जंक्शन का प्वांईटवार विवरण तैयार करें।

02 June 2025_Copy of Layout 1 6/2/2025 7:19 PM Page 5



# विश्व दुग्ध दिवस पर आंचल दूध की गुणवत्ता एवं महत्व की लोगों को दी जानकारी

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआँ द्वारा विश्व दुग्ध दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित उपभोक्ता गोष्ठी में हल्द्वानी के मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने हल्द्वानी के एक पार्क को आंचल कैफै के लिए देने की घोषणा की, वहीं दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने उक्त पार्क में 15 लाख रुपए की लागत से हाईटेक आंचल कैफे खोलने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि आंचल डेरी ने श्वेत क्रांति के क्षेत्र में उत्तराखंड में ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है, आज राज्य की जनता विश्वास के साथ यहां के दूध और दुग्ध पदार्थों का शौक से सेवन कर रही है। पूर्व विधायक लालकुआं नवीन दुम्का ने कहा कि कहा कि स्वर्गीय डॉ वर्गीस कुरियन द्वारा भारत में पशुपालकों और ग्रामीणों को श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों से डॉ कुरियन के बताए



आयोजित संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि।

मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपनिदेशक संजय उपाध्याय ने दुग्ध संघ की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि आज संघ दुग्ध स्वेत क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तथा आने वाले समय में एक बड़ा उत्पादक बनकर सामने आएगा। दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने दूध को एक संपूर्ण आहार बताते हुए मानव स्वास्थ्य के लिए इसकी अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास, हड्डियों की मजबूती और बीमारियों से लड़ने की शक्ति में दूध की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, ष्दूध केवल एक पेय पदार्थ नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और लाखों लोगों की आजीविका का साधन भी है।ष्मुकेश बोरा ने कहा मेयर साहब द्वारा दिए जाने वाले पार्क में 15 लाख रुपये की लागत से हाईटेक आंचल कैफे का निर्माण किया जाएगा।

उपनिदेशक डेरी संजय उपाध्याय और सामान्य प्रबंधक यूसीडीएफ आरएम तिवारी ने दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों और डेयरी संचालकों की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने सरकार द्वारा डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने और दूध उत्पादकों को सहायता प्रदान करने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम उत्पाद सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ दूध उत्पादन और गुणवत्ता मानकों के पालन के महत्व पर जोर दिया। दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को दही, पनीर, घी और अन्य डेयरी उत्पादों सहित दूध के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादकों, डेयरी व्यवसाय से जुड़े लोगों और आम जनता ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन संचालक प्रबंधक प्रशासन संजय भाकुनी ने प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए किया। इससे पूर्व मेयर गजराज सिंह बिष्ट, लालकुआं के पूर्व विधायक नवीन दुम्का, उपनिदेशक संजय उपाध्याय तथा दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ वर्गीज कुरियन के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रभारी उपार्जन सुभाष बाबू, सहायक प्रबंधक वित्त उमेश पठालनी, विजय चौहान, गोविंद सिंह मेहता, कृष्ण कुमार शर्मा, दीपा रैक्वाल, दीपा देवी, हेमा देवी, शांति कोरंगा, कृपाल सिंह, विपिन तिवारी, हेमंत पाल, गीता ओझा, शांति कोरंगा, रेखा बोरा, रश्मि धामी, सुरेश चंद्र सहित बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक प्रतिनिधि, कर्मचारी और अधिकारी मौजूद थे।

# पोखरी में छात्राओ को उत्तराखंड की नदियों, ऐतिहासिक विरासत व पर्वतों की जानकारी दी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकास खंड मुख्यालय पोखरी के जीजीआईसी में चल रहे समर कैम्प रविवार छठवें दिन के कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और देश भक्ति गोतो से से की गयी।

प्रधानाचार्य ध्नोडल अधिकारी विजय लक्ष्मी रावत, व प्रवक्ता ६ समन्वयक रेखा पटवाल राणा ने छात्राओ को उत्तराखंड की नदियों यमुनोत्री से निकलने वाली नदी यमुनोत्री,गंगोत्री से निकलने वाली नदी भागीरथी, केदारनाथ से निकलने वाली नदी मंदाकिनी, व बद्रीनाथ से निकलने वाली नदी व सभी स्थानो से निकलने वाली सहायक नदियों के मिलने के बाद हरिद्वार में सम्मलित होकर गंगा बन जाती है। यह समस्त जानकारी मानचित्र के माध्यम से दी गयी।

इसी प्रकार उत्तराखंड के ऐतिहासिक स्थलध्तीर्थ स्थलो की जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत का उत्तराखंड एक हिल स्टेशन होने के नाते पर्यटक व पुरातत्वविदो को अपनी ओर आकर्षित करना है,पिथौरागढ का किला व बाणासुर का किला एक ऐतिहासिक और विरासत पर्यटक के लिए आकर्षण का महत्व है। तीर्थ स्थलों में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री है, यहां का महत्व व सामरिक दृष्टि से संपूर्ण जानकारी दी गयी ।

ट्रैकिंग स्थलों में फूलो की घाटी, हर की दून, नाग टिक्का, गोमुख, केदारनाथ व बद्रीनाथ है। वहीं उत्तराखंड हिमालय पर्वतमाला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव के लिए सीएम धामी विशेषाधिकार का प्रयोग करें: हरीश

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि मैंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान बिंदुखत्ता नगरपालिका बनाई, अब मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए इसे राजस्व गांव का दर्जा दें। उन्होंने मौजूदा विधायक व अन्य भाजपाईयों से भी कहा कि उन्होंने जितना जोर हरीश रावत को हराने में लगाया, अब बिन्दुखत्ता राजस्व गांव को लेकर उतना जोर मुख्यमंत्री पर दबाव बनाने में लगाये। बिंदुखत्ता में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिंदुखत्ता पहाड़ के लोगों के अथक संघर्षों के बाद बना है, इसको यहां तक पहुंचाने में पुरानी पीढ़ी बहुत बड़ा योगदान है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि अब बिंदुखत्ता को हटाया नहीं जा सकता, इसे राजस्व गांव बनाने के लिए जो



लोग सत्ता में काबिज है, वही कार्य कर सकते हैं। यदि कोई हाथी कॉरिडोर या अन्य कारण बताकर उन्हें यहां से हटाने के लिए आएगा तो जीते जी सबसे आगे बिंदुखत्ता के लोगों के साथ हरीश रावत खड़ा होगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कैप्टन कुंदन सिंह मेहता, राजेन्द्र खनवाल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, युवा कांग्रेसी नेता आनंद रावत, विरेन्द्र रावत, खजान गुड्डू, महेश डसीला, पुष्कर दानू, गिरधर बम, प्रदीप बथियाल, मन्नु तुलेडा, रमेश कुमार, लक्ष्मण धपोला, भगवान धामी, कैप्टन खिलाफ सिह दानू, प्रकाश मिश्रा, संजय टाकुली, विजय सामंत, गोकर्ण सिंह, देवीदत्त पांडे, रूप सिंह जीना, राजेन्द्र चौहान, शहीद जीवन खोलिया की माता हीरा देवी, ललिता देवी, नंदी देवी, पार्वती देवी और महिला नेत्री बीना जोशी सुमित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# पालिकाध्यक्ष गौचर संदीप नेगी ने अपने वायदे के अनुसार वार्ड में खुली बैठक की परम्परा शुरू की

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** निकाय चुनाव में किये गये अपने वायदे के अनुसार गौचर नगरपालिका अध्यक्ष संदीप नेगी ने वार्डों में जनसमस्याएें सुनने के लिये खुली बैठक आयोजित करना प्रारम्भ कर दिया है। इसी क्रम में रविवार 01 जून को पालिका परिषद की वार्ड 01 ग्राम पनाई में वार्डवासियों और वार्ड सभासद की पालिकाध्यक्ष ने जनसमस्याऐं सुनी व उनके सुझावों ६ प्रस्तावों को बोर्ड बैठक में रखने का भरोसा दिलाया।

पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में



सभासद ने स्वयं भी और वार्डवासियों ने भी अपने सभासद गौरव कपूर के माध्यम से समस्याओं से संवंधित प्रस्ताव और सुझावों को अध्यक्ष के समक्ष समाधान हेतु रखा गया। जिसमें से अध्यक्ष द्वारा कई समस्याओं का निराकरण बैठक में ही कर दिया गया। ग्राम पनाई के अध्यक्ष उमराव सिंह नेगी सहित वार्डवासियों ने पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी के इस नवीन कार्य की सराहना करते हुऐ धन्यवाद ज्ञापित किया है।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी ने अपने संबोधन में पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिये आम जनमानस से कूड़े को पृथक – पृथक (जैविक व अजैविक) कूड़ेदानों में रखने की अपील करते हुऐ वर्तमान समय में पालिका परिषद में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी गई। पालिका के अवर अभियंता राजीव सिंह चौहान के द्वारा भी उपस्थित लोगों से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत स्रोत पर ही कूड़े का निस्तारण व पृथक्कीकरण के विषय में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

बैठक में पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी हेमन्त चौहान, अवर अभियंता राजीव सिंह चौहान, सभासद गौरव कपूर, श्रीमती पूनम रावत, श्रीमती ममता देवी, विनीत रावत, विनोद सिंह कनवासी के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता बिरेंद्र सिंह राणा, दीपक कुमार, पालिका कर्मी लिपिक रोशन सिंह पुण्डीर, रघुनाथ सिंह खत्री, सुबोध रावत, लक्ष्मण सिंह भंडारी, नागेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह नेगी, जीतेन्द्र कनवासी आदि मौजूद रहे।

02 June 2025_Copy of Layout 1 6/2/2025 7:19 PM Page 6



# गोला पुल की एप्रोच रोड और गौला पुल सहित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के सुरक्षात्मक कार्य का अजय भट्ट ने किया निरीक्षण

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने रविवार को गौलापुल की एप्रोच रोड और गौला पुल सहित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के सुरक्षात्मक कार्य का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। अजय भट्ट ने बताया कि लगभग एक अरब रुपए से सरकार सुरक्षात्मक कार्य कर रही है। ऐसे में उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य और बरसात से पहले बचाव संबंधित सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सचिव मुख्यमंत्री व कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेशन बैठक करने के निर्देश दिए हैं।



रविवार को सांसद अजय भट्ट ने पिछले वर्ष बरसात में आई आपदा की वजह से हुए नुकसान के लिए किया जा रहे सुरक्षात्मक कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। अजय भट्ट ने गौलापुल को जोड़ने वाली एप्रोच रोड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए लोक निर्माण के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि बरसात में नुकसान ना हो इसलिए बड़े–बड़े बोल्डरों को प्रभावित इलाके के किनारे लगाया जाए। ताकि बरसात में पानी के वेग को कमजोर किया जा सके। इसके अलावा रेलवे की तरफ से हो रहे सुरक्षात्मक कार्य पर भी अजय भट्ट ने संतोष जताया। उसके बाद अजय भट्ट ने छभ्। प् द्वारा गौलापुल के लिए किया जा रहे सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण किया। अजय भट्ट ने मानसून की बरसात शुरू होने से पहले विभागीय अधिकारियों को गौला के सुरक्षात्मक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया की पिछले वर्ष आपदा से हुए नुकसान की सुरक्षात्मक कार्य के अलावा पुल के पिलरों के सुरक्षात्मक कार्य के लिए भी इस वर्ष कार्य किया जा रहा है। जिन कार्यों को देखते हुए सांसद अजय भट्ट ने संतोष व्यक्त किया और यथाशीघ्र उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। इसके ऊपर साथ अजय भट्ट अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के किनारे सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने सिंचाई विभाग को गुणवत्तापूर्ण सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। अजय भट्ट ने कहा कि मानसून से पूर्व तेजी के साथ सुरक्षात्मक कार्य पूरे किए जाने बेहद आवश्यक है। अजय भट्ट ने अधिकारियों को कहा की सरकार द्वारा बजट में कोई कमी नहीं की गई है ऐसे में गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा कार्य किए जाने बेहद आवश्यक है। मौके पर मीडिया से बात करते हुए अजय भट्ट ने बताया कि लगभग एक अरब रुपए से सरकार सभी प्रकार के सुरक्षात्मक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री से उनकी वार्ता हो चुकी है और बजट में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। ऐसे में उनके द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ सुरक्षात्मक कार्यों को करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अजय भट्ट ने बताया कि उन्होंने सचिव मुख्यमंत्री कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को सुरक्षात्मक कार्य से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेशन बैठक करने के निर्देश दिए हैं।

## वरिष्ठ व्यापारी रमेश गुप्ता का आकस्मिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर

**लालकुआं।** नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी रमेश गुप्ता (पप्पू भाई) का आज आकस्मिक निधन हो गया।

नगर के आजाद नगर वार्ड नंबर 4 निवासी वरिष्ठ व्यापारी रमेश गुप्ता (पप्पू भाई) उम्र 62 वर्ष का आज बीमारी के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। वह पिछले लम्बे समय से बिमार चल रहे थे, बीती 21 तारीख को उनकी तबियत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उन्हें हल्द्वानी के निजी अस्पताल में ले गए, जहां उन्हें भर्ती कराया गया। आज प्रातः 11 बजे चिकित्सालय में ही उन्होंने अंतिम सांस ली, उनके निधन का समाचार सुनते ही जहां परिवार में कोहराम मच गया, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्वर्गीय रमेश गुप्ता अपने पीछे दो बेटे, तीन बेटियां और पत्नी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। रमेश गुप्ता लालकुआं के विकास को लेकर हुए आंदोलनों में प्रमुख रूप से शामिल रहे, वह लालकुआं की विभिन्न समस्याओं को लेकर कई बार अनशन में भी बैठे, तथा उन्होंने अनेको जनआंदोलनों में शिरकत भी की।

# अनिल कुमार 10 सालों में 25 शवों का कर चुके अंतिम संस्कार

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बद्रीनाथ धाम में दर्शनों के लिये आये मध्य प्रदेश के एक यात्री संतोष प्रजापति के आकस्मिक निधन के बाद, जोशीमठ नगर पालिका के सफाई सुपरवाइजर अनिल कुमार ने मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की है।

मिली जानकारी के अनुसार, संतोष प्रजापति का बद्रीनाथ धाम में निधन हो गया था। इस दुःखद घड़ी में, उनके परिजनों ने किसी व्यक्ति के माध्यम से नगरपालिका जोशीमठ के अनिल कुमार से संपर्क किया और दाह संस्कार के लिए सहयोग मांगा। अनिल कुमार ने बिना किसी विलंब के, मृतक यात्री के परिजनों को दाह संस्कार की समस्त



सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई।

इस निःस्वार्थ सहयोग से अभिभूत परिजनों ने अनिल कुमार का हार्दिक आभार व्यक्त किया। यह पहला मौका नहीं है जब अनिल कुमार ने इस तरह का पुण्य का काम किया है। बताया जाता है कि वे पूर्व में भी कई बार ऐसे ही दुःखद परिस्थितियों में लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं, और निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के कार्य में लगे हुए हैं।

# गौचर में रामलीला महोत्सव प्रारंभ, विधायक ने किया उद्घाटन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राम जन्मोत्सव के साथ गौचर में पनाई रामलीला मंडली की 98 वां रामलीला मंचन प्रारंभ हुआ। शुक्रवार देर रात्रि को प्रारंभ हुई रामलीला मंचन का शुभारंभ विधायक अनिल नौटियाल ने किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सभी के लिए आदर्श होने के कारण रामलीला के प्रति सभी की आस्था व श्रद्धा बनी रहती है।

रामलीला के प्रथम दिन हुऐ मंचन में रावण, कुम्भकरण, बिभीषण की तपस्या, ब्रह्मा का वरदान दिऐ जाने, नारद का रावण से कैलाश को लंका में स्थापित करने, शिव का रावण को श्राप दिये जाने तथा राजा दशरथ का पुत्रेष्ठी यज्ञ किये जाने और राम जन्मोत्सव की लीला का मंचन किया गया। नट – नटी के किरदार में



विपिन नेगी, मनीष नेगी, ब्रह्मा – अनुसूया प्रसाद जोशी, रावण आलोक रंजन नेगी, कुम्भकरण अजय चौहान, बिभीषण सूरज नेगी, नारद जयवीर भंडारी, शिव पंकज भंडारी, पार्वती आर्यन नेगी, रावण दूत किशन बिष्ट, दशरथ सचिन नेगी, दशरथ मंत्री राविन नेगी, वशिष्ठ अनुसूया प्रसाद जोशी, जनक नरेन्द्र सिंह नेगी, प्रजा जयवीर, विवेक, लक्की, विश्वामित्र गिरीश जोशी, कौशल्या मनीष नेगी, राम कार्तिकेय लिंगवाल, लक्ष्मण आरव बिष्ट और विपुल नेगी ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। इस मौके पर मंडली अध्यक्ष उमराव सिंह नेगी, रघुनाथ सिंह बिष्ट, पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल, अनुसूया नेगी, बीरेंद्र नेगी, राकेश जोशी, जयपाल सिंह बिष्ट, अनूप नेगी, देवेन्द्र बिष्ट, संदीप बिष्ट, ताजवर बिष्ट, सन्तोष बिष्ट, बीरेंद्र बिष्ट, पंकज भंडारी आदि पनाई रामलीला मंडली के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसएसपी ने बनभूलपुरा में गठित हत्याकांड का किया खुलासा, मृतक तरुण की हत्या में संलिप्त पति-पत्नी गिरफ्तार

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** वादी राधेश्याम रावत पुत्र स्व भोज राज सिंह रावत निवासी गली न० 03 राजपुरा राजेंद्र नगर वार्ड नंबर 12 हल्द्वानी, जिला नैनीताल ने थाना बनभूलपुरा को प्रार्थना पत्र के माध्यम से सूचना दी कि उनका तरुण सिंह रावत को गीता साहू पत्नी अनिल साहू निवासी गौजाजली उत्तर पुरानी आईटीआई बरेली रोड हल्द्वानी जिला नैनीताल द्वारा धोखाधड़ी से बुलाकर जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर दी गई है।

वादी मुकदमा की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बनभूलपुरा में



बनाम अनिल साहू पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगणों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा संबंधित को निर्देश दिए गए। थाना वनभूलपुरा पुलिस के द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यकारी करते हुए प्रकाश चंद्र पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी, नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी के पर्यवेक्षण तथा नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में हत्या में शामिल व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया।

दोराने विवेचना दिनांक 01–06–2025 को मुखबिर की सूचना पर उक्त अभियोग में नामजद दोनों अभियुक्तगण पतिदृपत्नी को आंवला गेट चौकी से पहले इन्द्रानगर के बीच में गोला जंगल के अन्दर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण से पूछताछ पर यह तथ्य संज्ञान में आये कि मृतक तरुण सिंह रावत का अभियुक्त अनिल साहू की पत्नी गीता साहू से प्रेम संबंध था एवं अभियुक्ता गीता साहू द्वारा मृतक को यह झांसा दिया गया था कि वह अपने पति से तलाक लेकर उससे विवाह कर लेगी, लेकिन उसकी मंशा स्पष्ट थी कि वह तरुण से मात्र अपनी आवश्यकता पूर्ण करने हेतु रूपये ऐंठना चाहती थी। इसी कारण तरुण द्वारा उसके ऊपर काफी पैसे खर्च किये गये लेकिन जब उसको इस बात का एहसास हुआ कि गीता साहू एवं उसका पति अनिल दोनों मिलकर उसका फायदा उठा रहे हैं तो उसके द्वारा पैसा वापस देने हेतु दबाव बनाया गया। तब दोनों पति पत्नी ने तरुण सिंह को रास्त से हटाने की योजना बनाई। दिनांक 30द्31–05–2025 की रात्रि को अपने बच्चों को अपनी नानी के घर भेजकर गीता साहू द्वारा मृतक तरुण सिंह को अपने घर पर रुपये ले जाने के लिए बुलाया। घर पर उसका पति अनिल साहू उपरोक्त भी मौजूद था। जहां मृतक तरुण रावत के आने के बाद अपने रुपये मांगे गये तो गीता साहू ने कहा कि रात्रि अधिक हो गयी है। आप अभी यहीं सो जाओ आपके रुपए सुबह आपको दे दूंगी।

02 June 2025_Copy of Layout 1 6/2/2025 7:19 PM Page 7



# नैनीताल में समर्थ जैन रहे टूर्नामेंट के ओवरऑल चैंपियन, विजेताओं को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 30 मई से आयोजित तीन दिवसीय ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट–2025'' रविवार को सम्पन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेताध्चैंपियन समर्थ जैन रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता नुसरत अब्बासी घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता सुधीर सिंह और उपविजेता कर्नल संजीव पंत रहे। टूर्नामेंट में सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एस. सी. गुप्ता विजेता और एस. के. सूरी उपविजेता रहे। महिला कैटेगरी में डॉ. सृष्टि धौन



गोल्फ टूर्नामेंट के विजेता को पुरस्कृत करते राज्यपाल।

विजेता और शरण्या साह उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में जफर इकबाल विजेता और नरोत्तम दास उपविजेता रहे। मास्टर भव्य रतन को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में 15–17 आयु वर्ग में अमायरा बजाज विजेता और ऐमीर उस्मानी उपविजेता रहे। (12–14) आयु वर्ग में समृद्ध चंद ठाकुर विजेता और मेधांश बिष्ट उपविजेता रहे। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में रूशांक प्रताप सिंह सिजवाली विजेता और मोहम्मद माज मंसूर उपविजेता घोषित किए गए।

राज्यपाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि गोल्फ प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों ने न केवल खेल का आनंद लिया होगा, बल्कि नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण ने भी उन्हें एक अविस्मरणीय अनुभव मिला होगा। राजभवन गोल्फ कोर्स में खेलने का अनुभव सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और अतिथि परंपरा से जुड़ने का अवसर भी है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन उत्तराखण्ड की सुंदरता और मेहमाननवाजी को अपने साथ लेकर जाएंगे, और इससे राज्य का पर्यटन प्रचार भी होगा।

राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए भी खोला गया है, ताकि युवाओं में गोल्फ के प्रति रूचि उत्पन्न हो सके। गोल्फ को लोकप्रिय और इससे आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महिला खिलाड़ियों और युवाओं की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी वर्षों में टूर्नामेंट को और अधिक प्रभावी और भव्य बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। राज्यपाल ने इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को, आयोजकों को, प्रायोजकों को, दर्शकों को, और विशेष रूप से राजभवन गोल्फ क्लब, नैनीताल और स्थानीय प्रशासन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## दून को जल्द मिलेगी तीन नई ऑटोमेटेड पार्किंग

**देहरादून।** देहरादून शहर में निर्माणाधीन स्मार्ट ऑटोमेटेड पार्किंग का कार्य अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री के निर्देश व जिलाधिकारी सविन बंसल के सतत प्रयासों से जनपद देहरादून आधुनिक सुविधायुक्त आटोमेटेड पार्किंग निर्माण कार्य युद्धस्तर पर अग्रसर है। इसी श्रृखला में शहर में शुरूआती चरण में तीन आटोमेटेड पार्किंग कार्य अपने अंतिम चरण हैं। यह आधुनिक सुविधा जल्द ही आमजन को उपलब्ध होने जा रही है। इस अत्याधुनिक पार्किंग से तिब्बती मार्केट के सामने, परेड ग्राउंड, तथा कोरोनेशन अस्पताल परिसर में पार्किंग की समस्या काफी हद तक कम होगी साथ ही जनमानस को सुरक्षित व सुविधाजनक वाहन पार्किंग की मिलेगी।

जिलाधिकारी की अभिनव पहल से एक ओर जहाँ कोरोनेशन अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अब भौतिक ढांचे को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है, जिससे शहर की चिकित्सा व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

# नौगांव से मंत्री गणेश जोशी ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का किया शुभारंभ

**उत्तरकाशी/नौगांव (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उत्तरकाशी जनपद के रवाई घाटी अंतर्गत नौगांव स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में षविकसित कृषि संकल्प अभियानष का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कृषि मंत्री गणेश जोशी का पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का कृषि मंत्री ने अवलोकन किया और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं व तकनीकी जानकारियों की सराहना की।

अपने संबोधन में मंत्री जोशी ने कहा कि यह अभियान किसानों के लिए एक ऐतिहासिक पहल है, जिसके माध्यम से वैज्ञानिक सीधे खेतों में जाकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में यह राष्ट्रव्यापी अभियान 29 मई से 12 जून तक आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा देहरादून के गुनियाल गांव से की गई। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले में प्रतिदिन तीन टीमें काम करेंगी, जो प्रतिदिन लगभग 600 किसानों से सीधा संवाद करेंगी। मंत्री श्री जोशी ने विश्वास जताया कि यह अभियान कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देगा और फसल उत्पादन एवं उत्पादकता में अभूतपूर्व वृद्धि का कारण बनेगा।

# गंगा की तरह यमुना को भी पवित्र बनाएंगेः मंत्री रेखा आर्या

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हरिद्वार दौरे पर आई दिल्ली की मुख्यमंत्री ने आज यहां हर की पैड़ी पर परिवार के साथ गंगा स्नान किया तथा देश और दिल्ली के विकास के लिए पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वह मां गंगा की तरह मां यमुना को भी दिल्ली में स्वच्छ और निर्मल बनाएंगे।

अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हरिद्वार गंगा स्नान करने आई थी। गंगा सभा के तीर्थ पुरोहितों द्वारा रेखा गुप्ता और उनके परिवार को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा से राष्ट्र और दिल्ली के विकास की कामना की। रेखा गुप्ता अपने परिवार के साथ यहां साध्वी ऋतम्भरा के कनखल स्थित गंगा



नदी में दुग्धाभिषेक करते मंत्री रेखा आर्य।

वात्सल्य आश्रम भी गई इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उनके साथ रहे। रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है तथा 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्रीय बन जाएगा। उन्होंने कहा कि यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों ने कोई काम नहीं किया लेकिन हरिद्वार में मां गंगा की तरह दिल्ली में भी मां यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने का काम उनकी सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के 100 दिन पूरा होने पर वह मां गंगा की शरण में आई है और उन्होंने प्रार्थना की है कि मां गंगा उन्हें दिल्ली के विकास की सामर्थ्य प्रदान करें। उन्होंने ऋतंभरा के गंगा वात्सल्य आश्रम कनखल जाकर उनका भी आशीर्वाद लिया।

# हर वर्ष नियमित रूप से आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सुपरवाइजर के 50 फीसदी पदों पर मिलेगी पदोन्नतिः रेखा आर्या

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दूसरे विभागों को अब अगर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से कोई काम लेना है तो उन्हें आने–जाने का किराया भत्ता और खाने का भत्ता देना होगा। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आंगनबाड़ी संगठनों के साथ हुई बैठक में यह निर्देश दिए।

प्रदेश के 6 आंगनबाड़ी संगठनों के साथ यह बैठक विधानसभा स्थित सभागार में आयोजित की गई थी। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि दूसरे विभागों द्वारा बताए गए काम के कारण हमारे अपने काम



प्रभावित होते हैं और हमें ऐसे काम करने के लिए कोई किराया या खाना भी नहीं दिया जाता। इस पर विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कोई विभाग अपना काम कराता है तो उन्हें टीए और डीए देना होगा। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग से इसकी पूर्व अनुमति भी लेनी होगी। मंत्री ने अधिकारियों को इस बारे में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मानदेय बढ़ाने की मांग पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विभाग के अधिकारी सभी हिमालयी राज्यों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिए जा रहे मानदेय का अध्ययन करें और यह सुनिश्चित करें कि उत्तराखंड में अन्य हिमालयी राज्यों के मुकाबले मानदेय तुलनात्मक रूप से ज्यादा दिया जा सके। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सुपरवाइजर के 50 फ़ीसदी पदों पर पदोन्नति के जरिए की जाने वाली भर्ती को हर साल नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठनों की एक शिकायत यह भी थी कि रिटायरमेंट के समय उन्हें मिलने वाला कल्याण कोष का पैसा देरी से मिलता है।

इस पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिटायरमेंट के 2 महीने पहले ही कागजी कार्रवाई पूरी कर ली जाए जिससे भविष्य में उन्हें रिटायरमेंट के दिन ही कल्याण कोष की धनराशि दी जा सके। कैबिनेट मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिलने वाला मोबाइल रिचार्ज का पिछले 1 साल का बकाया धन तुरंत जारी करने के निर्देश जारी किए हैं।

इसके अतिरिक्त बैठक में संगठनों के सामने विभाग की प्रस्तावित योजना का खाका भी रखा गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सरकार के अंशदान के जरिए उन्हें रिटायरमेंट के समय एक लाख रुपए से अधिक की धनराशि दिए जाने का व्यवस्था की गई है। कैबिनेट मंत्री ने संगठनों से कहा कि अगर वह इस पर सहमति देंगे तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

02 June 2025_Copy of Layout 1 6/2/2025 7:19 PM Page 8



# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भोगपुर को नवीन स्कूल बस का तोहफा



**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बंसल स्कूलों में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए पूरी सक्रियता से जुटे है। जिलाधिकारी ने शनिवार को डोईवाला में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल भोगपुर, दाबडा को स्कूल बस का तोहफा देकर बडी सौगात दी। डीएम की इस पहल से स्कूल के छात्रों को बेहतर परिवहन की सुविधा मिलेगी। शनिवार को डीएम ने स्कूल बस का विधिवत् उद्घाटन भी किया।

डोईवाला के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाईस्कूल भोगपुर, दाबडा में 95 बच्चे पढते है। इस स्कूल में 10 से 12 किलोमीटर दूर बडोगन, तोल, भोगपुर, पुन्नीवाला, रैणापुर, रानी पोखरी आदि दूर दराज क्षेत्रों से हर रोज बच्चे पढ़ने आते है। अभिभावकों एवं स्कूल प्रशासन के सामने बच्चों के परिवहन की हमेशा बडी समस्या बनी रहती थी। जिलाधिकारी ने इस मामले का त्वरित संज्ञान लिया और अपने चिरपरिचित कर्मठ कार्यशैली से जिला प्रशासन के राइफल क्लब फंड से स्कूल बच्चों के परिवहन के लिए बस सुविधा मुहैया कराई। शनिवार को जिलाधिकारी ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल भोगपुर, दाबडा डोईवाला पहुंचकर स्कूल बस का विधिवत् उद्घाटन किया। इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने स्कूल के सभी 95 बच्चों को अपनी ओर से स्कूल सूज का तोहफा भी दिया। जिलाधिकारी से मिली बस की सौगात और स्कूल सूज का तोहफा पाकर छात्रों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन की पहल की सराहना की और जिलाधिकारी को प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट कर फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे हमारे समाज के हैं सूद है। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य बेहतरी को लेकर राज्य सरकार हर वक्त तत्पर है। बेहतर शिक्षा के लिए जिला प्रशासन ने 02 महीने में सीएसआर सोर्स से फंड चौनलाइज कर बच्चों के स्कूल आने जाने की सुविधा हेतु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भोगपुर को नवीन स्कूल बस दी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 सीएम के प्रताप व संकल्प दृढ़ से सभी कार्यों में सहयोग मिल रहा है। इस मौके पर डीएम ने अपनी ओर से सरस्वती विद्या मंदिर के सभी 95 बच्चों को स्कूल शूज का तोहफा भी दिया। जिलाधिकारी का प्रोजेक्ट उत्कर्ष ऐसे ही हजारों सरकारी विद्यालयों की दिशा और दशा सुधार चुका है। डीएम का प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा असहाय, अनाथ बालिकाओं की पढ़ाई में ऑलरेडी बरदान साबित हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि दूर दराज क्षेत्रों में शिक्षा के विकास में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जैसे संस्थान अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि देश को सुपर पावर और सशक्त बनाने के लिए हमें बच्चों की शिक्षा और उनकी परवरिश पर विशेष ध्यान देना होगा। दूर दराज क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों में परिवहन की बड़ी समस्या रहती है। कहा कि स्कूल बस की सुविधा होने से अब बच्चों को स्कूल आने जाने में लगने वाले समय और परेशानी कम होगी। बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने और सुरक्षित वापस जाने की सुविधा मिलेगी। बच्चों की शिक्षा को लेकर जिलाधिकारी बेहद गंभीर है और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ निरंतर काम कर रहे है।

## पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आया वाहन, दो लोगों की मौत, चार गंभीर

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड हाईवे पर काकड़ागाड़ के समीप पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से एक यात्री वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में सवार टिहरी जिले के चालक और एक यात्री की मौत हो गई जबकि चार यात्री घायल हो गए। छत्तीसगढ़ निवासी सभी घायल यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा गया है।

गंगोत्री धाम से केदारनाथ की यात्रा पर जा रहा एक यात्री वाहन गौरीकुंड हाईवे पर काकड़ागाड़ के समीप पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आ गया। जब तक चालक कुछ समझ पाता एक के बाद एक गिरे भारी पत्थरों से वाहन का आगे का हिस्सा और छत क्षतिग्रस्त हो गई। पिछला टायर भी निकल गया। हादसे में वाहन चालक राजेश रावत (38) पुत्र राय सिंह रावत, निवासी लंबगांव, नई टिहरी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पांच यात्री घायल हो गए। उन्हें पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से अस्पताल पहुंचाया। ऊखीमठ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौहान ने बताया कि यात्री छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। उन्होंने टिहरी लंबगांव निवासी राजेश रावत का वाहन बुक किया था। चालक के सिर और यात्री पर पत्थर लगने से मौत हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दंपति की मौत

**देहरादून।** नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में पति–पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पत्नी की तो घर पर ही मौत हो गई थी, जबकि पति ने उपचार के दौरान अस्पताल में अंतिम सांस ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है। फिल्हाल इस मामले में पुलिस को पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार है। मिली जानकारी के अनुसार अजबपुर कलां निवासी ज्योति शर्मा ने पुलिस को सूचना दी कि उनके रेलवे पटरी के पास स्थित मकान में उदयपुर राजस्थान के रहने वाले रूपेश पत्नी रेशमा के साथ बीते कुछ दिनों से किराए पर रहते थे।

## न्यूज डायरी

### गांव टेंटुणा में बहुउद्देशीय शिविर का हुआ आयोजन



**चमोली।** जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को गैरसैंण विकास खंड के दूरस्थ गांव टेंटुणा में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की ओर से 112 शिकायतें दर्ज की गई। इस दौरान जिला विकास अधिकारी केके पंत द्वारा ग्रामीणों की अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया । टेंटुणा गांव के राजकीय इंटर कालेज लाटूगैर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की ओर से सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा को लेकर शिकायतें दर्ज की गयी । इस दौरान पूर्व प्रधान टेंटुणा चंद्र सिंह ने गांव में संचालित आंगनबाड़ी भवन का निर्माण न होने हो रही समस्या उठाई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने टेंटुणा नैणी सड़क पर सुरक्षा दीवार निर्माण, कलचुंडा के ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति, प्रेम सिंह ने गंगानगर में झूला पुल निर्माण, मालकोट के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन में हो रही लापरवाही की शिकायत दर्ज करायी, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व, पशुपालन, कृषि, उद्यान विभाग सहित सभी विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर सरकार की जनउपयोगी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी।

## सूचना विभाग के कार्मिक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



सेवानिवृत्ति पर विदाई देते हुए।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड में कार्यरत गोवर्धन दास आज अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर वाहन चालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर सूचना विभाग में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि अपर निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

अपर निदेशक श्री त्रिपाठी ने कहा कि गोवर्धन दास द्वारा अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया गया। उनकी सेवाएं अन्य कार्मिकों के लिए भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में व्यवस्थाधिकारी रामपाल सिंह रावत, फोटो फिल्म अधिकारी शेखर चन्द्र जोशी द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। विदाई सम्मान समारोह में सूचना कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश रावत द्वारा गोवर्धन दास के सम्मान में सम्मान पत्र पढ़ा गया। संघ के महामंत्री अंकित कुमार, उपाध्यक्ष संजय कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार धीवान, संयुक्त मंत्री पारूल चौधरी, संगठन मंत्री सतेन्द्र बिजल्वाण, संयोजक अरूण कुमार द्वारा संघ का स्मृति चिन्ह् भेंट किया गया।

## पेज 01 का शेष...

### हरिद्वार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया वात्सलय गंगा आश्रय का लोकार्पण

प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी विकृत मानसिकताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि का जो मूल अस्तित्व है, वह बचा रहना चाहिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं, यह दिल्ली के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है और धामी जी पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि जो भी अच्छी योजनाएं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लायेंगे वह दिल्ली में भी जायेंगी। उन्होंने कहा कि मां यमुना स्वच्छ हो, मां गंगा जी के चरणों में आकर अपने इस प्रण को पुनः दोहराया। इस दौरान साध्वी ऋतम्भरा जी, परमानन्द गिरी जी महाराज, आचार्य बाल कृष्ण, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महन्त रविन्द्रपुरी जी महाराज,महानिर्वाणी पीठ के आचार्य महामंडलेश्वर विशोखानंद ,महामंडलेश्वर संतोषी माता, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद महाराज, साध्वी मैत्रीगिरी, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, ओमप्रकाश जमदग्नि, शौभाराम प्रजापति सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19